भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate
ECONOMIC TIMES | DELHI | 23 AUGUST 2026

KARGIL AIRPORT JOINT INSPECTION ON SEPT 1

# Nubra Civil Airport Terminal Likely to Open by December

IAF alloted 5 acres for construction of a new civil terminal in Nubra

**Hakeem Irfan Rashid**

**Srinagar:** Ladakh plans to launch civilian flights from Thoise Airport in Nubra Valley by December, lieutenant governor Vinai Kumar Saxena said on Saturday. Besides, a joint inspection is scheduled for September 1 to assess civil operation readiness at Kargil airport.

Saxena chaired a meeting with officials from the defence ministry, Indian Air Force, Airports Authority of India (AAI) and the Ladakh administration in Delhi to review the preparedness for commercial civilian flight operations at Thoise and Kargil airports.

"The Indian Air Force approved an allotment of 5 acres of land for construction of a new civil terminal in Nubra. Runway re-carpeting is underway for a November completion deadline. We are targeting commencement of civil operations by December 2026, from an old chartered flight terminal at Thoise Airport, after refurbishing it," Saxena said.

For Kargil airport, a joint inspection will be conducted with the air force, AAI and civil aviation ministry on September 1 in the presence of the lieutenant governor to assess whether the airport is ready for civilian flights.

"Besides fulfilling the Prime Minister's vision of boosting the region's connectivity and inclusive development of UT (Union Territory of ) Ladakh, the flight operation at these airports will further unlock the optimum tourism potential in border areas like Turtuk, Siachen Base Camp, Kargil and Drass," said Saxena.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

Corporate Communications Directorate

ECONOMIC TIMES DELHI 23 AUGUST 2026

# Cochin Airport Accuses SpiceJet of Misinformation Amid Kochi Delays

**Our Bureau**

**Mumbai:** Cochin International Airport Ltd (CIAL) on Saturday accused SpiceJet of spreading misinformation by attributing disruptions to its Kochi operations to bad weather, saying there were no adverse weather conditions at the airport to warrant the cancellations and delays.

The airport operator's statement came after the budget carrier issued a passenger advisory on social media, warning that bad weather in Kochi could affect arrivals, departures and consequential flights, and asking passengers to check their flight status before travelling to the airport. CIAL said it had observed continuing operational issues affecting SpiceJet's services from Kochi, including international flights, causing considerable inconvenience and uncertainty for passengers. It said no other airline operating from the airport had reported weather-related cancellations during the same period. "Inordinate delays and even cancellations have marked SpiceJet's services from Kochi in recent days," CIAL said.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

HINDUSTAN TIMES DELHI 23 AUGUST 2026

# Except Delhi, flights at most Indian airports log drop: Data

Neha LM Tripathi
letters@hindustantimes.com

**NEW DELHI:** India's major airports operated significantly fewer flights in June and July than a year ago, with some recording declines of nearly 20%, as the prolonged conflict in West Asia disrupted international travel and forced airlines to cut or suspend some services.

Data from aviation analytics firm Cirium, reviewed by HT, shows that Chennai and Hyderabad recorded the steepest declines among the country's major airports. Chennai saw flight operations fall 20% in June and 18.9% in July year-on-year, while Hyderabad recorded declines of around 20% in June and nearly 19% in July.

Mumbai, India's second-busiest airport, also recorded a sharp fall, with flight operations declining 10.4% in June and 12.5% in July from the corresponding months last year. Kolkata recorded declines of 13.2% in June and 16.8% in July, while Bengaluru recorded year-on-year reductions of 11.7% and 10.1%, respectively.

The decline comes as airlines grapple with the impact of the ongoing West Asia conflict, which has disrupted airspace,

DATA BY AVIATION ANALYTICS FIRM CIRIUM, REVIEWED BY HT, SHOWS THAT CHENNAI AND HYDERABAD RECORDED THE STEEPEST DECLINES AMONG THE COUNTRY'S MAJOR AIRPORTS

increased flying times on several international routes and weakened demand for travel to key overseas destinations.

Indian carriers have also trimmed or suspended some international services in recent months because of operational challenges arising from the geopolitical situation.

Among the country's six major metro airports, Delhi emerged as the only exception. Indira Gandhi International Airport recorded an 8% increase in flight operations in June and a 2.5% rise in July compared with the same months last year.

To be sure, Delhi serves as the country's largest aviation hub, with a wider domestic network and a substantial share of connecting traffic, factors that may have helped cushion the impact.

"The weakness in flight operations highlights the wider impact of the West Asia crisis on India's aviation sector, with airlines recalibrating schedules in response to changing demand and higher operating costs," an airline official said on condition of anonymity.

"Airlines have substantially reduced their planned capacity for the first half (H1) of FY27 because operating costs have risen sharply, while passenger demand has weakened. As a result, the decline in flight numbers across airports is in line with expectations," said Kapil Kaul, CEO of aviation consulting and research firm CAPA India.

Mark D Martin of Martin Consulting attributed the decline largely to slower international operations.

"The impact reflected in these figures is largely on international routes, particularly those affected by the closure of Iranian, Iraqi and parts of Israeli airspace, which increased fuel costs and flight times. Domestic operations remained largely status quo because the government had already softened the impact of higher fuel prices," he said.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

JANSATTA DELHI 23 AUGUST 2026

## भारतीय हवाईअड्डों से विदेश जाने वाले लोगों को राहत

# अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के बोर्डिंग पास पर मुहर की प्रक्रिया एक सितंबर से खत्म

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 22 अगस्त।

भारतीय हवाईअड्डों से विदेश जाने वाले यात्रियों को अब बोर्डिंग पास की कागजी प्रति साथ रखने की जरूरत नहीं होगी। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आव्रजन अधिकारियों ने एक सितंबर से बोर्डिंग पास पर मुहर लगाने की प्रक्रिया खत्म करने का फैसला किया है।

अधिकारियों ने बताया कि इसके बजाय विदेश यात्रा करने वाले यात्रियों को आव्रजन जांच के लिए अपने स्मार्टफोन पर ई-बोर्डिंग पास दिखाना होगा। गृह मंत्रालय के तहत आने वाले आव्रजन ब्यूरो (बीओआइ) ने हाल ही में हवाईअड्डा अधिकारियों को इस संबंध में आधिकारिक निर्देश भेजा है। एजंसी ने पाया कि आव्रजन प्रक्रिया के लिए बोर्डिंग पास की



कागजी प्रति पर मुहर लगाने से यात्रियों को असुविधा हो रही थी। अधिकारियों ने कहा कि गलत या ठीक तरीके से मुहर नहीं लगने के कारण बोर्डिंग पास पढ़ने में दिक्कत होने के मामले भी सामने आ रहे थे, इसलिए इस प्रक्रिया को खत्म करने का फैसला किया गया।

अधिकारियों ने निर्देश का हवाला देते हुए कहा, 'बीओआइ ने इस मामले की समीक्षा की है और अब देश के सभी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डों पर इमिग्रेशन काउंटरों पर बोर्डिंग पास की कागजी प्रति और उस पर मुहर लगाने की अनिवार्य व्यवस्था को समाप्त करने का फैसला किया गया है।' हालांकि, उन्होंने कहा कि एक सितंबर से भौतिक बोर्डिंग पास स्वीकार किए जाते रहेंगे, लेकिन इमिग्रेशन अधिकारी उन पर मुहर नहीं लगाएंगे।

सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि व्यक्तिगत तलाशी के दौरान केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) के जवान भी अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के बोर्डिंग पास पर मुहर नहीं लगा रहे थे। इन्हें केवल इमिग्रेशन अधिकारियों के समक्ष जांच और मंजूरी के लिए प्रस्तुत करना होता था। उन्होंने बताया कि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय, दोनों तरह के यात्रियों के बोर्डिंग पास पर सीआईएसएफ द्वारा मुहर लगाने की प्रक्रिया कई साल पहले ही बंद कर दी गई थी।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

NAVOADAYA TIMES DELHI 23 AUGUST 2026

# अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के बोर्डिंग पास पर मुहर लगाने की प्रक्रिया होगी खत्म

नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसी): भारतीय हवाईअड्डों से विदेश जाने वाले यात्रियों को अब बोर्डिंग पास की कागजी प्रति साथ रखने की जरूरत नहीं होगी। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आव्रजन अधिकारियों ने एक सितम्बर से बोर्डिंग पास पर मुहर लगाने की प्रक्रिया खत्म करने का फैसला किया है। अधिकारियों ने बताया कि इसके बजाय विदेश यात्रा करने वाले यात्रियों को आव्रजन जांच के लिए अपने स्मार्टफोन पर ई-बोर्डिंग पास दिखाना होगा। गृह मंत्रालय के तहत आने वाले आव्रजन ब्यूरो (बीओआई) ने हाल ही में हवाईअड्डा अधिकारियों को इस संबंध में आधिकारिक निर्देश भेजा है। एजेंसी ने पाया कि आव्रजन प्रक्रिया के लिए बोर्डिंग पास की कागजी प्रति पर मुहर लगाने से यात्रियों को असुविधा हो रही थी। अधिकारियों ने कहा कि गलत या ठीक तरीके से मुहर नहीं लगने के कारण बोर्डिंग पास पढ़ने में दिक्कत होने के मामले भी सामने आ रहे थे।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate
TIMES OF INDIA BANGLORE 22 AUGUST 2026

# KIA revises UDF from Sept 1; in a first, arrivals too will pay

**Bengaluru:** Passengers using Kempegowda International Airport will have to pay a revised user development fee (UDF) from Sept 1, with charges applicable to both inbound and outbound passengers for the first time. The revised tariff follows the Airports Economic Regulatory Authority of India's (AERA) order for the fourth control period (FY27–FY31).

As per the tariff order, from Sept 1, 2026 to March 31, 2027, domestic outbound passengers will pay Rs 300 as UDF, while those arriving will pay Rs 125. For international passengers, the charge will be Rs 997 for departures and Rs 426 for arrivals. Until Aug 31, the existing UDF applicable to departing domestic & international passengers will continue. TNN

▶ For investment, P 3

# BIAL: User fee hike to cover investment

▶ Continued from P1

The revised structure marks a change from the existing system, under which only outbound passengers pay UDF.

Importantly, Bengaluru International Airport Limited (BIAL) said the revised structure does not amount to an increase in the overall base UDF. The combined domestic UDF under the new structure will be Rs 425, compared with Rs 550 currently charged to an outbound domestic passenger. For international passengers, the combined UDF will be Rs 1,423, against the existing Rs 1,500.

BIAL said the tariff order takes into account significant infrastructure investments planned at the airport, including Terminal 2 Phase 2, the T2 Phase 2 apron, airfield

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

# Corporate Communications Directorate

AMAR UJALA | DELHI | 23 AUGUST 2026

**गोरखपुर में लैंडिंग के दौरान हादसा**

## इंडिगो विमान का पिछला हिस्सा रनवे से टकराया, सभी यात्री बचे

**गोरखपुर।** इंडिगो की दिल्ली-गोरखपुर उड़ान 6ई 2381 के विमान का पिछला हिस्सा लैंडिंग के दौरान जमीन से टकरा गया। घटना के बाद विमान को तत्काल गो-अराउंड (उड़ान को दोबारा ऊपर ले जाने की प्रक्रिया) कराया गया।




इसके बाद विमान ने एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंडिंग की। क्रू समेत सभी यात्री सुरक्षित हैं। गोरखपुर एयरपोर्ट पर 19 अगस्त को हुई इस घटना के बाद विमान की तकनीकी जांच की गई, जिसमें ऑक्सिलरी पावर यूनिट (एपीयू) इनलेट के पास खरोंच के निशान मिले। विमान को अस्थायी तौर पर सेवा से हटा दिया गया है। घटना का असर दूसरी उड़ान पर भी पड़ा। इंडिगो की गोरखपुर-दिल्ली उड़ान 6ई 5013 करीब पांच घंटे की देरी से रवाना हुई। ब्यूरो

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

AMAR UJALA DELHI 23 AUGUST 2026

# यात्रा में सामान गायब एयरलाइन को चुकाने होंगे 3.61 लाख

नई दिल्ली। दिल्ली से टोरंटो की यात्रा कर रहे दिल्ली के दो यात्रियों की की समस्या तब बढ़ गई, जब टोरंटो पहुंचने पर उनके चेक-इन बैग बुरी तरह फटे हुए मिले और उनमें रखा सामान भी गायब मिला।

**दिल्ली से टोरंटो पहुंचे दो यात्रियों ने की शिकायत**

टोरंटो पहुंचने पर दोनों यात्रियों ने हवाई अड्डे पर इसकी शिकायत कंपनी के काउंटर पर दर्ज कराई। इसके बाद मामला दिल्ली उपभोक्ता आयोग के पास आया। आयोग ने माना कि यात्रियों के चेक-इन सामान की उचित सुरक्षा करना एयरलाइन की जिम्मेदारी का हिस्सा है। यात्रा के मियामी-टोरंटो चरण से संबंधित जिम्मेदारी के लिए जवाबदेह ठहराया। आयोग ने सेवा में कमी का दोषी मानते हुए दोनों यात्रियों को 3.61 लाख रुपये का भुगतान करने का आदेश दिया है। एजेंसी

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DAINIK JAGRAN | DELHI | 23 AUGUST 2026

# विमान का पिछला हिस्सा रनवे पर टकराया, यात्री बाल-बाल बचे

- दिल्ली से गोरखपुर पहुंची उडान संख्या 6ई 2381 की लैंडिंग में आई तकनीकी खामी
- मरम्मत पूरी होने के बार रविवार को गोरखपुर से दिल्ली भेजा जाएगा खाली विमान

**जासं, गोरखपुर :** दिल्ली से गोरखपुर पहुंची इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई 2381 का पिछला हिस्सा लैंडिंग के दौरान रनवे से टकरा गया। लैंडिंग से पूर्व दो बार विमान को गो-अराउंड (रनवे के बेहद करीब पहुंचने के बाद भी उतरने का इरादा रद्द करना) करना पड़ा। तीसरे प्रयास में सुरक्षित लैंडिंग हो सकी। जांच के दौरान विमान के पिछले हिस्से में खरोंच मिलने (टेल इम्पैक्ट) के चलते विमान को ग्राउंड (आगे की उड़ान पर रोक) कर दिया गया। विमान में सवार सभी 178 यात्री और क्रू सदस्य बाल-बाल बच गए। मरम्मत पूरी होने के बार रविवार को गोरखपुर से खाली विमान को दिल्ली भेजा जाएगा।

एयरपोर्ट निदेशक संजय कुमार ने बताया कि 19 अगस्त को विमान वीटी-आइएलआर में तकनीकी कारणों से टेल इम्पैक्ट की सूचना मिलने के बाद उसे परिचालन से हटा दिया गया। इसके चलते इसी विमान से संचालित होने वाली गोरखपुर-दिल्ली उड़ान 6ई 5013 प्रभावित हुई। यात्रियों की सुविधा के लिए इंडिगो ने वैकल्पिक विमान वीटी-आईबीसी की व्यवस्था की। 5.30 घंटे बाद लखनऊ से गोरखपुर पहुंचे दूसरे विमान से यात्री दिल्ली रवाना हुए। विमान को दोबारा सेवा में लाने से पहले आवश्यक तकनीकी और नियामकीय मंजूरी ली जाएगी।

> 19 अगस्त को दिल्ली से गोरखपुर जा रही इंडिगो की फ्लाइट ने लैंडिंग के दौरान सुरक्षा कारणों से गो अराउंड किया। विमान वापस लौटा और गोरखपुर हवाई अड्डे पर सुरक्षित लैंडिंग की। नियमित पोस्ट-फ्लाइट निरीक्षण के दौरान एपीयू इनलेट के आसपास खरोंचें देखी गई। विमान की मरम्मत की जा रही है। आवश्यक मंजूरी मिलने के बाद विमान परिचालन फिर से शुरू कर देगा।
>
> **- इंडिगो प्रवक्ता का आधिकारिक बयान**

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate
FREE PRESS JOURNAL MUMBAI 22 AUGUST 2026

# Maiden flight turns into tarmac protest

**Dhairya Gajara**
MUMBAI

What was meant to be a quick journey during a family emergency turned into a tarmac protest at Delhi Airport for first-time flyer Aamir Kazi, who alleged that a SpiceJet flight to Mumbai was delayed by nearly three hours and passengers were made to sit inside the aircraft without air conditioning.

Kazi, All India Youth Federation's Maharashtra state joint secretary and Mumbai President, had booked his maiden flight, SpiceJet SG-800, from New Delhi to Mumbai on August 14. The flight was scheduled to depart Indira Gandhi International Airport at 10.30pm.

According to Kazi, boarding began only in the early hours, after passengers waited in the terminal with minimal updates. He alleged that the air-conditioning inside the aircraft was not functioning, prompting him to disembark and stage a peaceful sit-in on the tarmac.

"What was supposed to be my first experience of air travel turned into an unexpected protest against poor passenger management and inadequate basic facilities," Kazi told The Free Press Journal.

**Aamir Kazi alleged that the flight was delayed by 3 hrs and passengers were made to sit inside the aircraft without air condition**

He said passengers were entitled to "safety, dignity, comfort, timely information and accountability" and called for stronger regulation and public oversight of private airlines. According to a flight-tracking platform, the aircraft departed at 1.24am and landed at Chhatrapati Shivaji Maharaj International Airport at 3.02am.

In July, SpiceJet recorded 34.6% on-time performance across 10 major airports, an 8.58% cancellation rate and the second-highest number of passenger complaints among Indian airlines.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

# Corporate Communications Directorate

FREE PRESS JOURNAL MUMBAI 22 AUGUST 2026

## IndiGo's ticket booking system faces issues briefly

The country's largest airline IndiGo's ticket booking system briefly faced issues on Friday and people were unable to access online services. On Wednesday also, the airline's booking system had experienced issues. "We are currently experiencing intermittent issues with our core reservation platform, which may make it difficult for some customers to access our online services," IndiGo said in a message on its website on Friday. Teams are working on priority along with the partner to resolve the issue as quickly as possible, IndiGo said.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate
FREE PRESS JOURNAL MUMBAI 22 AUGUST 2026

# Domestic air traffic drops 4.8% to 1.2 crore passengers in July

**FPJ News Service**
MUMBAI

India's domestic passenger traffic slipped by 4.8% month-on-month in July 2026 to 1.2 crore travellers from 1.26 crore in June, reflecting a temporary seasonal contraction in the sector.

Industry insiders cited rising fuel costs leading to higher airfares, deliberate capacity rationalisation by airlines, and the usual monsoon slowdown as key reasons for the drop in demand.

However, cumulative performance remained steady, with total passengers carried between January and July 2026 reaching 9.84 crore, a 0.64% increase compared to the 9.77 crore recorded in the corresponding period last year.

The traffic drop triggered widespread declines in passenger load factors across nearly all domestic carriers.

Akasa Air recorded the highest occupancy level at 91.9%, slightly down from June's 92.2%. SpiceJet, Air India Group, and IndiGo saw seat occupancy fall to 84.1%,




83.2%, and 82.4%, respectively.

Among regional airlines, IndiaOne Air suffered a sharp decline to 44.5%, whereas Goa-based Fly91 bucked the industry trend by raising its load factor to 74.7%. IndiGo consolidated its market dominance during the month, carrying 80.82 lakh passengers to expand its market share to 67.4% from 66.3% in June. Air India Group followed with a 24% share, while Akasa Air and SpiceJet saw their market shares decline to 5.5% and 1.6%.

In terms of operational efficiency, IndiGo topped punctuality rankings across 10 major Indian airports with an on-time performance of 91.2%.

Akasa Air registered 90.8% punctuality, while AI Group recorded 88.5%. SpiceJet posted an on-time performance of 34.6%. Reactionary delays accounted for 65% of overall flight disruptions across all airlines during the month.

HARI BHUMI | DELHI | 23 AUGUST 2026

## गोरखपुर मे रनवे से टकराया विमान

# 5.5 घंटे फंसे रहे यात्री, लोगों को पहुंचाने को मंगाया दूसरा विमान

एजेंसी ▸▸ गोरखपुर

गोरखपुर एयरपोर्ट पर इंडिगो के विमान में टेल इम्पैक्ट मिलने के बाद उसे ग्राउंड कर दिया गया। इसके चलते 19 अगस्त को गोरखपुर से दिल्ली जाने वाली इंडिगो की अगली उड़ान करीब 5 घंटे 30 मिनट विलंबित हुई। जांच के बाद संचालन रोक दिया गया। यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाने एयरलाइंस ने वैकल्पिक विमान की व्यवस्था की। यात्रियों को दिल्ली भेजने की प्रक्रिया पूरी की गई। एयरलाइंस की ओर से स्नैक्स और भोजन उपलब्ध




कराया गया। यात्रियों को वैकल्पिक यात्रा विकल्प भी दिए गए। एयरपोर्ट निदेशक संजय कुमार ने बताया कि 19 अगस्त को इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई 2381 दिल्ली से गोरखपुर पहुंची थी। एयरपोर्ट पहुंचने के बाद एयरलाइंस ने वीटी-आईएलआर में तकनीकी कारणों से टेल इम्पैक्ट पाए जाने की सूचना दी थी।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

Corporate Communications Directorate

HINDUSTAN DELHI 23 AUGUST 2026

# विमान में खरोंच मिली तो संचालन पर अस्थायी रोक

- 19 अगस्त की है घटना, दिल्ली से गोरखपुर इंडिगो की थी उड़ान

**गोरखपुर, मुख्य संवाददाता।** गोरखपुर में एयरपोर्ट पर पिछले दिनों इंडिगो 6ई-2381 (दिल्ली-गोरखपुर) विमान की एहतियात के तौर पर दोबारा चक्कर लगाकर (गो-अराउंड) लैंडिंग कराई गई।

यात्रियों के सुरक्षित उतरने के बाद विमान के एपीयू इनलेट के पास खरोंच के निशान पाए गए। इसके बाद विमान के उड़ान भरने पर अस्थाई रोक लगा दी गई है। मरम्मत और सभी जरूरी जांचें पूरी होने के बाद उड़ान की मंजूरी मिलेगी। इस घटना के चलते गोरखपुर-दिल्ली 6ई-5013 की अगली उड़ान पांच घंटे की देरी से हुई।

यह घटना 19 अगस्त की है। एयरपोर्ट अथॉरिटी के अनुसार इंडिगो 6ई-2381 की फ्लाइट गोरखपुर में लैंडिंग के लिए आगे बढ़ रही थी, तभी क्रू ने सुरक्षा के लिहाज से शुरुआती लैंडिंग टालने और स्टैंडर्ड 'गो-अराउंड' प्रक्रिया अपनाने का फ़ैसला किया। विमान ने अपनी स्थिति बदली और दोबारा चक्कर लगाने के बाद सुरक्षित लैंडिंग की। सभी यात्री व क्रू बिना किसी घटना के सामान्य रूप से विमान से बाहर आ गए।

**विमान को पूरी जांच के लिए मेंटिनेंस में रखा गया :** उसके बाद गोरखपुर एयरपोर्ट पर रूटीन जांच के दौरान मेंटिनेंस क्रू ने विमान के पिछले हिस्से में मौजूद ऑक्जिलरी पावर यूनिट (एपीयू) इनलेट के पास हल्की खरोंचें देखीं। इसकी जानकारी डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ़ सिविल एविएशन (डीजीसीए) को भी दी गई। विमान को पूरी जांच और मरम्मत के लिए मेंटिनेंस में रखा गया। जरूरी टेक्निकल मंजूरी मिलने के बाद यह कॉमर्शियल ऑपरेशन फिर से शुरू करेगा।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

Corporate Communications Directorate

HINDUSTAN DELHI 23 AUGUST 2026

# उड़ान के दौरान गलत जानकारी दी

**कोच्चि, एजेंसी।** स्पाइसजेट पर उड़ान के दौरान मौसम को लेकर भ्रामक जानकारी फैलाने का आरोप लगा है। कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (सीआईएएल) ने शनिवार को कहा कि कोच्चि में मौसम खराब होने जैसी प्रतिकूल स्थिति नहीं थी, जिससे स्पाइसजेट की उड़ान सेवाएं प्रभावित हों।

दरअसल, विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने एक्स पर शनिवार सुबह 6.02 बजे जारी पोस्ट में कहा कि कोच्चि में खराब मौसम के कारण सभी प्रस्थान, आगमन और उनकी आगे की उड़ानें प्रभावित हो सकती हैं। कंपनी ने यात्रियों से अपनी उड़ानों की स्थिति जानने के लिए स्पाइसजेट की आधिकारिक वेबसाइट देखने का अनुरोध किया था।

सीआईएएल ने यात्रियों के लिए जारी एक परामर्श में कहा कि उसने स्पाइसजेट की परिचालन को लेकर जारी समस्याओं पर ध्यान दिया है, जिससे इसकी अंतरराष्ट्रीय सेवाओं पर प्रभाव पड़ा है। इसमें कोच्चि से रवाना होने वाली अंतरराष्ट्रीय उड़ानें भी शामिल हैं। सीआईएएल ने कहा, स्पाइसजेट ने भ्रामक जानकारी प्रसारित की है।

**मदद के लिए एहतियाती कदम** : स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने बयान जारी किया कि यह एडवाइजरी एक एहतियाती कदम थी, जिसका मकसद यात्रियों को अपनी यात्रा की योजना बनाने और मौजूदा मौसम की स्थितियों को देखते हुए पहले से जरूरी इंतजाम करने में मदद करना था।